हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

11 निजीकरण का बिजली उपभोक्ताओं ने किया विरोध



12 थाईलैंड से जीतकर लौटे पहलवानों का सम्मान



## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर व मेगा स्वास्थ्य जांच कल

**झज्जर।** संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा रविवार को शहर में मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लगाए जा रहे इस शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रातः दस बजे से दोपहर बाद करीब तीन बजे तक चलने वाला मेगा शिविर का आयोजन पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्थित संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में किया जाएगा। इस दौरान लोगों की नेत्र जांच, चश्मा परामर्श, रक्त परीक्षण, दंत चिकित्सा परामर्श, कानों की जांच, हड्डी एवं जोड़ संबंधी परीक्षण, थायराइड एवं मूत्र जांच, चर्म रोग परामर्श, रक्तचाप एवं शुगर जांच, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन संबंधी परामर्श, आवश्यक दवाइयों का वितरण तथा निःशुल्क पंचकर्म थेरेपी की सुविधा शामिल रहेगी। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा परामर्श उपलब्ध रहेगा तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

### आज निकलेगी नशा मुक्त साइकिल यात्रा

**झज्जर।** स्वामी नितानन्द सेवा समिति द्वारा शनिवार को आध्यात्मिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वामी नितानन्द महाराज की प्रेरणा से तपोभूमि जटेला धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम से नशा मुक्त साइकिल यात्रा से की जाएगी जो अनाजमंडी पहुंच कर संपन्न होगी। इसके बाद दोपहर बाद साढ़े तीन बजे दिव्य वाणी सत्संग का आयोजन किया जाएगा। वहीं संध्या आरती के साथ पौधा वितरण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### बदला मौसम का मिजाज, तापमान बढ़ा

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदल गया। दिनभर धूप खिली रही। तापमान बढ़कर अधिकतम 34 डिग्री दर्ज किया गया। दरअसल, बुधवार को इलाके में झमाझम बारिश हुई थी। इस वजह से मौसम सुहाना हुआ और अधिकतम तापमान 8 डिग्री गिरकर 30 पर पहुंच गया था। वीरवार को भी आसमान में बादल छाए। हालांकि शुक्रवार की सुबह धूप खिलने के साथ हुई। हल्की उमस और गर्मी भी महसूस हुई। न केवल अधिकतम बल्कि न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। आगामी दो-तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं।

## रेलवे लाइनों पर हादसे रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम की दरकार

# 6 महीने में 41 लोगों ने गंवाई रेलवे ट्रैक पर जान, 35 लापरवाही का शिकार हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सिटी पल्स

नियमों की अनदेखी और जल्दबाजी रेलवे ट्रैक पर लोगों की जिंदगी लील रही है। बहादुरगढ़ जीआरपी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले रेलवे ट्रैक पर बीते करीब 6 महीने में 41 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ट्रैक किनारे चलने, गलत तरीके से लाइन क्रॉस करने और रील आदि बनाने के कारण ये हादसे हो रहे हैं। सख्ती, जागरूकता और व्यवस्थाओं के जरिये इन हादसों में कमी लाई जा सकती है।

बहादुरगढ़ जीआरपी सीमा के तहत आने वाले टिकरी बॉर्डर से सांपला और झज्जर रेलवे लाइन के क्षेत्र में 1 जनवरी 2026 से अब तक कुल 41 मौतें दर्ज की गई हैं। इनमें 6 महिलाएं और बाकी पुरुष हैं। अधिकांश मौतें ट्रैक पार करते समय हुई लापरवाही का परिणाम हैं। कोई गलत तरीके से रेलवे ट्रैक पार करते वक्त चपेट में आया तो कोई लाइन किनारे चलते हुए शिकार हुए। रील बनाने और कानों की लीड की वजह से भी हादसे होते रहे हैं। जबकि 6 लोगों ने आत्महत्या की है। कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर अपंग हुए हैं।

### रील का चक्कर और नशा भी हादसे की बड़ी वजह

छोटूराम नगर के पास शाम को अक्सर ट्रैक पर लोगों की भीड़ उमड़ जाती है। कोई नशे की हालत में नजर आता है तो कोई मोबाइल से रील बनाता है। रीलबाजी और नशे के कारण भी यहां काफी हादसे हुए हैं। पुलिस की सख्ती और जागरूकता अपील का लोगों पर यहां कुछ खास असर नजर नहीं आता। जीआरपी की ओर से छोटूराम नगर के पास लाइन पर प्रवेश को रोकने के लिए वॉल बनाने सहित अन्य विकल्पों की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई गई है।

### फाटक बंद होने पर शार्ट कट पड़ रहा जान पर भारी



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर के पास रेलवे लाइन पर हादसे के बाद जुटी भीड़। फाइल फोटो।

**रेलवे ट्रैक पर गई जान**

| वर्ष | मौतें |
|---|---|
| 2022 | 102 |
| 2023 | 98 |
| 2024 | 87 |
| 2025 | 70 |

*2026 में बढ़ सकता है आंकड़ा। अभी तक 6 महीने में ही 41 लोगों की जान जा चुकी है। छह लोगों ने ट्रैक पर की आत्महत्या।*

### छोटूराम नगर बना हादसों का गढ़

हादसों के नजरिये से इस लाइन पर सबसे संवेदनशील क्षेत्र छोटूराम नगर है। इस श्रमिक बस्ती के आसपास ही सबसे अधिक हादसे होते हैं। दरअसल, छोटूराम नगर आने जाने के लिए केवल एक ही फाटक है। दिनभर में यह फाटक कई बार बंद होता है। नौकरी पर समय पर पहुंचने या घर लौटने की जल्दी में लोग लाइन गलत तरीके से क्रॉस करते हैं। बहुत से लोग शार्ट कट के चलते अस्थाई रास्तों से सीधे लाइन पर प्रवेश कर जाते हैं। यही हादसे की बड़ी वजह बनती है।

### छोटूराम नगर के पास अंडरपास या आरओबी बने



छोटूराम नगर निवासी फूलचंद मिश्रा के अनुसार रेलवे फाटकों पर बहुत दबाव रहता है। इसलिए इन जगहों पर अंडरपास या फुट ओवरब्रिज की व्यवस्था होनी चाहिए। छोटूराम नगर की फाटक पर तो बेहद बड़ी आबादी का दबाव है। इनमें से बहुत से लोगों में जागरूकता का भी अभाव है।

### हादसे रोकने को जागरूकता के साथ सख्ती भी जरूरी



परनाला निवासी अधिवक्ता राहुल राठी ने कहा कि रेलवे स्टेशन से लेकर आबादी के आसपास जहां से भी लाइन गुजर रही है, वहां अक्सर लोग बेधड़क ट्रैक क्रास करते देखे जाते हैं। गाड़ियां लाइन पर खड़ी होती है लेकिन नहीं मानते। खड़ी गाड़ी के नीचे से गुजरने लगते हैं। जागरूकता के साथ सख्ती बरतने की जरूरत है।

### अपने जीवन की कीमत समझें नागरिक



पार्षद प्रतिनिधि कर्मबीर शर्मा ने कहा कि पुलिस के साथ साथ रेलवे को भी इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। जहां जरूरत पड़े, वहां सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक कदम उठाए जाएं। ट्रैक पर सीधी एंट्री की रोक लगाई जाए। आम नागरिक भी जीवन की कीमत समझें।

# देसी घी का घेवर बेचने का दावा करने वाली तीन दुकानों के भरे सैंपल



झज्जर। निरीक्षण के दौरान घेवर की दुकान पर उपस्थित विभागीय टीम सदस्य।

- आजकल शहर के विभिन्न मार्गों पर सजी हैं घेवर की अस्थाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा शहर के बादली रोड पर सड़क किनारे देसी घी से निर्मित घेवर बेचने का दावा करने वाली अस्थाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिला फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर राजेश वर्मा ने बताया कि उनकी टीम में मंदीप व मनोज शामिल रहे।

टीम द्वारा बादली बाईपास के निकट तीन दुकानों से घेवर का एक-एक सैंपल लिया गया जो जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। त्योहारी सीजन को देखते हुए विभाग द्वारा मिष्ठान भंडार व खाद्य पदार्थों संबंधी दुकानों पर सैंपलिंग की जा रही है। सैंपल की रिपोर्ट के बाद संबंधित दुकानदारों पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# करंट से महिला की मौत

- खेत में पानी की मोटर से लगा करंट, चारा लेने गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव कबलाना में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 33 वर्षीया सुमन देवी पत्नी संजय के तौर पर हुई है। मामले की जांच अधिकारी मुकेशलता ने बताया कि सुमन देवी खेत में चारा आदि लेने गई थी। जब वह चारा एकत्रित कर रही थी तो वहां चल रही पानी की मोटर के कारण करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका के पति के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# लाल चौक से सीमेंटेड बेरिकेड हटाकर लोहे की ग्रिल लगेंगी



बहादुरगढ़। लाल चौक पर निरीक्षण करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के लाल चौक पर रेलवे रोड और नाहरा-नाहरी रोड के सामने दिल्ली-रोहतक रोड के डिवाइडर का भी जल्द सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शुक्रवार को चेयरपर्सन सरोज राठी ने नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग तथा यातायात पुलिस अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्य के लिए मौके का जायजा लिया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि मौजूदा सीमेंट-कंक्रीट के बेरिकेड हटाकर उनकी जगह लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी। इससे न केवल चौक की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि यातायात व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित होगी। रेलवे रोड और नाहरा-नाहरी रोड के सामने स्थित दोनों कटों पर वीआईपी मूवमेंट एवं आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए करीब 30-30 फीट चौड़ा वैकल्पिक रास्ता भी सुरक्षित रखा जाएगा। चौक के इस रास्ते को सामान्य दिनों में लोहे की ग्रिल से बंद रखा जाएगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर इन्हें आसानी से खोला जा सकेगा। इससे सुरक्षा और यातायात संचालन दोनों में सुविधा रहेगी।

# सेक्टर 2 में महिलाओं ने की ड्यूटी कर रही बीएलओ से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-2 में एसआईआर के तहत गौरीशंकर मंदिर धर्मशाला में ड्यूटी दे रही एक बीएलओ ने दो महिलाओं पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

बूथ लेवल अधिकारी कोमल के अनुसार शुक्रवार शाम को वह ब्रह्म समाज धर्मशाला में एसआईआर के तहत फार्म भरवा रही थी। इस दौरान वहां सेक्टर-2 निवासी मतदाता प्रदीप भी फॉर्म लेने आया तो उनमें किसी पुराने विवाद को लेकर बातचीत बढ़ गई। इसके बाद प्रदीप की पत्नी रेणु और साली रीना भी वहां आ गई और उनकी कोमल के साथ बहस हो गई। बहस हाथापाई में बदल गई। पिटाई के बाद दोनों पक्ष अस्पताल पहुंच गए। बीएलओ से मारपीट की सूचना मिलते ही तहसीलदार सुदेश कुमारी और एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस में भी शिकायत दे दी गई है। जिसके आधार पर सेक्टर-6 थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**योजना** 31 अगस्त तक बकाया टैक्स एकमुश्त जमा करने पर मिलेगा छूट का लाभ

# प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज में मिलेगी 75% की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर के संपत्ति करदाताओं के लिए राहत भरी खबर है। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्ति कर पर देय ब्याज में 75 प्रतिशत की एकमुश्त छूट देने का फैसला किया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए करदाताओं को 31 अगस्त 2026 तक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करना होगा और अपनी संपत्ति का सेल्फ सर्टिफिकेशन भी पूरा करना होगा।

बता दें कि पिछली बार मिली छूट के बाद भी नगर परिषद के राजस्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। वित्त वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा 66 के तहत 30 जून तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वाले करदाताओं को वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित टैक्स पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई थी। अप्रैल और मई महीने में नगर परिषद को करीब 90 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि योजना लागू होने के बाद ढाई करोड़ रुपये से अधिक की वसूली हो चुकी है। इस तरह पिछले तीन महीनों में नगर परिषद को प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में 3 करोड़ 57 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। नगर परिषद सचिव प्रवीण छिकारा ने बताया कि सरकार की ताजा अधिसूचना के अनुसार यह सुविधा उन सभी पात्र संपत्ति करदाताओं को मिलेगी, जो निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना बकाया कर जमा करेंगे। इसके साथ ही उन्हें प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पेमेंट एंड नो ड्यूज सर्टिफिकेट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपनी संपत्ति का स्व-प्रमाणीकरण भी कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य परिस्थितियों में निर्धारित समय के बाद प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज देना पड़ता है। लेकिन सरकार की इस विशेष योजना के तहत पात्र करदाताओं को देय ब्याज में 75 प्रतिशत तक की एकमुश्त छूट प्रदान की जाएगी। इससे वर्षों से लंबित टैक्स जमा करने वाले हजारों करदाताओं को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। नगर परिषद सचिव प्रवीण छिकारा ने अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना बकाया टैक्स जमा करें और सेल्फ सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया भी पूरी करें, ताकि सरकार द्वारा दी जा रही इस छूट का पूरा लाभ मिल सके।



**तीन माह में बहादुरगढ़ नगर परिषद को मिला 3.57 करोड़ रुपये का राजस्व**





# म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

## लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।




## हॉलीवुड मसाला




# ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




# 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




# मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




# द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला



# रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।



# सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

# राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

## रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।' यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## निर्वाचन आयोग की टीम एसआईआर की समीक्षा के लिए झज्जर पहुंची

# त्रुटिरहित मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की असली पहचान: मलय

शहर में मतदाता बूथ पर लिया डिजिटलाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा बैठक लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव मलय मल्लिक। फोटो : हरिभूमि

भारत निर्वाचन आयोग के तहत जिले में चल रही एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा के लिए शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव मलय मल्लिक के नेतृत्व में आयोग की टीम झज्जर पहुंची और एसआईआर गतिविधियों की समीक्षा की।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर गतिविधियों, गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटाइजेशन तथा अभियान की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। समीक्षा बैठक के उपरांत प्रधान सचिव ने डीसी वर्षा खांगवाल के साथ बूथों पर गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर 2026 के विभिन्न चरणों को समयबद्ध पूरा करना बेहद जरूरी है,इसके लिए सभी अधिकारी दृढ़तापूर्वक इस कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची ही मजबूत लोकतंत्र की असली पहचान है। उन्होंने फील्ड विजिट के दौरान कहा कि एएसडीडी वोटरों की पहचान में क्षेत्र व मौहल्ले के नागरिक बीएलओ का सहयोग करें। उन्होंने शहर के बूथ नंबर 63,70,71,72 पर वोटर से प्राप्त गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उसका तत्काल डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए।


झज्जर। मतदाता बूथ पर गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रधान सचिव मलय मल्लिक। फोटो : हरिभूमि

## मतदाता स्वयं भी ऑनलाइन भर सकते हैं गणना प्रपत्र : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



मतदाता 14 जुलाई का इंतजार न करें

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चल रही एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत वोटर से हस्ताक्षरयुक्त गणना प्रपत्रों का संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य तेजी से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि मतदाता 14 जुलाई का इंतजार न करें और आज ही अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को जमा कर दें ताकि गणना प्रपत्र का तत्काल डिजिटाइजेशन किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों के ऐसे मतदाता जो अपने गणना प्रपत्र स्वयं ऑनलाइन भरने में सक्षम हैं, वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर जाकर ऑनलाइन एनमरेशन फॉर्म खुद भी भर सकते हैं।


झज्जर। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आशा वर्कर्स एवं एएनएम। फोटो : हरिभूमि

## एचपीवी टीकाकरण को लेकर आशा वर्कर्स व एएनएम को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आशा वर्कर्स को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की प्रत्येक पात्र बालिका तक पहुंचकर शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण के निर्देश

जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर सीएचसी ढाकला व पीएचसी तुंबाहेड़ी क्षेत्र की एएनएम व आशा वर्कर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एपीसीपीएल व एचएलएफपीपीटी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व बारे जानकारी दी गई।

उप सिविल सर्जन डॉक्टर बसंत दुबे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कुल 13 एएनएम एवं 55 आशा वर्कर्स ने भाग लिया। एचएलएफपीपीटी टीम द्वारा फील्ड स्तर पर पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्नों एवं उनसे जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों पर भी चर्चा की गई, ताकि स्वास्थ्य कार्यकर्ता समुदाय में फैली भ्रांतियों का प्रभावी ढंग से समाधान कर सकें। सीएचसी ढाकला से एसएमओ डॉक्टर सुनीता व मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर शीतल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ब्लॉक आशा कोर्डिनेटर योगिता ने सभी आशा वर्कर्स से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की प्रत्येक पात्र बालिका तक पहुंचकर शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस मौके पर एचएलएफपीपीटी टीम से राजेश बेहरा, अमरजीत, स्वाति, रेणुका, मयूर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नीरज हत्याकांड: पुलिस को हत्यारोपियों का सुराग नहीं

- नया गांव निवासी नीरज का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड
- बुपनिया के निवासी एक युवक की दिल्ली में हत्या करने का केस दर्ज भी दर्ज

**बहादुरगढ़।** नया गांव निवासी नीरज की हत्या के मामले को सुलझाने के लिए पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। विभिन्न पहलुओं पर पुलिस की नजर है। हालांकि अभी तक हत्यारोपियों का सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस द्वारा जल्द ही मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है। दरअसल, मृतक नीरज का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। उस पर बुपनिया के निवासी एक युवक का दिल्ली में हत्या करने का केस दर्ज भी दर्ज है। इस नजरिये से भी पुलिस जांच आगे बढ़ा रही ही है। हालांकि अभी तक ऐसा कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया कि किसने किन कारणों के चलते नीरज को मौत के घाट उतारा।

### बाइक पर सवार होकर आए थे तीन हमलावर

बता दें कि बुधवार की रात को नया गांव में नीरज की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइक पर सवार होकर आए 3 हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में फिलहाल अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज है। सदर थाना प्रभारी मनोज चाहार का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास है। पुलिस आरोपियों को तलाशने में जुटी हैं।

## जिले के 126 गांव और 26 वार्ड नशा मुक्त घोषित

- लघुसचिवालय परिसर में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई
- स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार: उपायुक्त

**झज्जर।** शुक्रवार को लघुसचिवालय परिसर में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार है। समाज की मुख्यधारा से भटककर नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को पुनः सामान्य जीवन से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को मिशन मोड में कार्य करना होगा। जिला में अब तक 126 गांव, 26 वार्ड, 14 सैक्टर और सोसाइटी और 6 कालोनी नशा मुक्त घोषित हो चुकी हैं।

### नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई

उन्होंने कहा कि जिला में नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं डीसीपी दीप्ति गर्ग ने कहा कि पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पंचायतों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं तथा नशे के आदी लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार एवं पुनर्वास से जोड़ा जा रहा है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर त्रिवेणी स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर त्रिवेणी स्कूल में विद्यार्थियों को जनसंख्या वृद्धि, उसके प्रभाव तथा जनसंख्या नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर अपने विचार रखे। संसाधनों पर बढ़ते दबाव, बेरोजगारी, प्रदूषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की।

**जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया:** शिक्षकों ने संतुलित जनसंख्या, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा परिवार नियोजन को विकास की कुंजी बताया। विद्यार्थियों ने कार्ड बनाकर छोटा परिवार,



सुखी परिवार तथा जनसंख्या संतुलन, उज्ज्वल भविष्य का आधार जैसे विचारों प्रकट किया। प्रधानाचार्या सुमित्रा महला के आह्वान पर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने जनसंख्या संबंधी जागरूकता फैलाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया।

## पूर्व पार्षद ने सब्जी मंडी विवाद को लेकर मंत्री से की मुलाकात

आढ़तियों व मांसाखोरों के बीच चल रही है खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की सब्जी मंडी में आढ़तियों व मांसाखोरों के बीच जारी खींचतान को लेकर पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ सिर्फ शिकायतबाजी तक सीमित रह


बहादुरगढ़। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

गए हैं। मंत्री ने डीसी को फोन करके दोनों पक्षों को बुलाकर समाधान करवाने को कहा। ताकि दोनों पक्ष सब्जी मंडी में एक साथ बिना तनाव के रोजी-रोटी कमा सकें।

## किड्ज शैशव स्कूल मांटेसरी विंग में मनाया ब्लू-डे


झज्जर। किड्ज शैशव स्कूल मांटेसरी विंग, किड्ज शैशव व तिरंग इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को ब्लू-डे मनाया गया। विद्यालय परिसर को जहां नीले रंग के गुब्बारों से सजाया गया वहीं प्राइमरी विंग के विद्यार्थी व शिक्षक भी नीले रंग की वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों ने ब्लू-डे से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, रंग पहचान, कविता, गीत, नृत्य, चित्रकला एवं क्राफ्ट गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षिकाओं ने खेल-खेल में बच्चों को आकाश, समुद्र, जल तथा दैनिक जीवन में दिखाई देने वाली नीले रंग की वस्तुओं बारे रोचक जानकारी दी। स्कूल डायरेक्टर उषा गहलोत ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को आनंददायक वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। ये उनकी कल्पनाशक्ति तथा सामाजिक कौशल को भी विकसित करते हैं।

## सड़कों पर बेसहारा गोवंशों का जमावड़ा यातायात प्रभावित, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंशों की बढ़ती संख्या आमजन और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। मुख्य बाजारों, चौक-चौराहों और व्यस्त मार्गों पर झुंड के रूप में बैठे गोवंश यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। वहीं दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। शहर के सीताराम गेट और माता गेट के नजदीक ज्यादा खराब है। जहां दिनभर बेसहारा गोवंश दिनभर बैठे रहते हैं।

कई बार सड़क के बीचों-बीच बैठने से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। रात के समय और बरसात के मौसम में सड़क पर बैठे गोवंश आसानी से दिखाई नहीं देते। ऐसे में दुपहिया वाहन चालक टकराकर घायल हो भी हो रहे है। हालांकि यह स्थिति अधिकांश शहर में है। लेकिन सीताराम गेट की ज्यादा दयनीय है। यहां चौबीस घंटे बेसहारा गोवंश खड़े रहते है। इस क्षेत्र में स्कूली बसों के रूकने का स्टैंड है। जहां से प्रतिदिन काफी संख्या में बच्चे बसों में बैठते हैं।

सड़क के बीचों बीच खड़ा होने के कारण बच्चों और अभिभावकों को निकलने में परेशानी होती है और टक्कर मारने का डर लगता है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा बेसहारा गोवंशों को नंदीशालाओं में भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिसके कारण आमजन में रोष भी बना हुआ है। लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित इकाई से समस्या के जल्द समाधान किए जाने की मांग की है।

## भीड़ नहीं जुटने पर ग्रोवर ने सरपंच और उनके पति को लगाई फटकार

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक जिले के काहनौर गांव में सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने मंच से गांव की सरपंच और उनके पति पर तीखी नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम में अपेक्षित संख्या में लोगों की मौजूदगी नहीं होने पर उन्होंने इसे सरपंच की लापरवाही बताते हुए कड़ी टिप्पणी की। ग्रोवर के बयान के बाद कार्यक्रम का माहौल कुछ देर के लिए राजनीतिक रंग में बदल गया। मंच से संबोधित करते हुए मनीष ग्रोवर ने कहा कि काहनौर गांव की आबादी करीब 9 हजार है और यहां लगभग 6500 मतदाता हैं। इसके बावजूद उद्घाटन समारोह में लोगों की संख्या बेहद कम रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम का आयोजन सरपंच की ओर से किया गया था, लेकिन उनके समर्थन का एक भी व्यक्ति कार्यक्रम में नजर नहीं आया।

ग्रोवर ने कहा कि सरपंच ने शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा को आमंत्रित कर उनका सम्मान करने के बजाय उनका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि जो सरपंच दिल से पार्टी के साथ नहीं हैं, उनके साथ उसी प्रकार का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सरपंच केवल विकास कार्यों के लिए धन लेने के समय ही सक्रिय दिखाई देते हैं और ऐसे जनप्रतिनिधियों की पहचान करने की जरूरत है। इस पूरे मामले पर सरपंच या उनके पति की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनिरवास खंड साल्हावास जिला झज्जर हरियाणा में शामलात भूमि की वर्ष 2026-27 के लिए पट्टे पर उठवाने के लिए ओपन बोली दिनांक 13-07-26 को सुबह 11:30 बजे बाबा भगत राम मन्दिर प्रांगण में की जाएगी। शर्तें व नियम मौके पर बताई जाएंगी। सिक्योरिटी राशि 5000 रुपये होगी।

हस्ता/-सरपंच राकेश जाखड़
ग्राम पंचायत धनिरवास
9813687200

## निजीकरण के विरोध में बिजली उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

# 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की मांग

- डीएचबीवीएन का करीब 50 प्रतिशत राजस्व अकेले गुरुग्राम जिले से आता : रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्युमर एसोसिएशन से संबंद्धद्ध बिजली उपभोक्ता मंच ने इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप द्वारा गुरुग्राम व नूंह जिलों के बिजली वितरण क्षेत्र को हासिल करने के प्रयासों का कड़ा विरोध करते हुए उनके लाइसेंस आवेदन को तुरंत खारिज करने की मांग की है।

बिजली उपभोक्ता मंच के जिला कमेटी अध्यक्ष रामकिशन, सचिव राजबीर छिल्लर, ब्रह्म प्रकाश, जयबीर,


बहादुरगढ़। लाइनपार में प्रदर्शन करते मंच से जुड़े उपभोक्ता। फोटो : हरिभूमि

जयभगवान, सत्यवान और नरसी जांगड़ा आदि ने बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया। लाइनपार में प्रदर्शन करते हुए सरकार से गरीब जनता को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने व बिजली के निजीकरण से दूर रहने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि पिछले दरवाजे से तमाम बिजली वितरण क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले करने की तैयारी है। इसके बाद लगातार मंहगी होने से बिजली आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी।

### सब्सिडी बंद हो जाएगी

निजी कंपनियों का एकमात्र मकसद ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना है। किसानों व गरीबों को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी। उनके अनुसार डीएचबीवीएन का करीब 50 प्रतिशत राज्व अकेले गुरुग्राम जिले से आता है। इसके प्राइवेट कंपनी के पास जाने से सरकारी नियंत्रण वाले बिजली क्षेत्र की वित्तीय स्थिति भी खतरे में पड़ जाएगी।

## मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव पाटौदा में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 31 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र हनुमंत सिंह के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार शादीशुदा था तथा एक वेयरहाऊस में कार्य करता था।

परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसने वीरवार की रात को घर के चौबारे में फांसी लगा ली। परिजनों को जब पता चला तो वे उसे गांव के ही एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से घटना की जानकारी ली तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि शुक्रवार को परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

## खबर संक्षेप

### मांडोठी गांव के खेत से मोटर खोल ले गए चोर

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी स्थित एक किसान के खेत में चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। ईश्वर का कहना है कि सिंचाई आदि कार्य के लिए खेत में सोलर मोटर लगवा रखी है। आठ जुलाई को खेत में गए तो मोटर नहीं मिली। अब तक अपने स्तर पर जांच करते रहे लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अच्छेज गांव के खेतों से मोटर चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अच्छेज में खेत से मोटर चोरी की शिकायत किसान द्वारा दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में राजेश कुमार ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर लगवा रखा है। जब वह बीते बुधवार को खेत में गया तो उसकी मोटर चोरी हो चुकी थी। राजेश कुमार के अनुसार जब उसने आस-पास के खेत वालों से मोटर चोरी के संबंध में बात की तो पता चला कि नहर के दूसरी तरफ के खेतों से से भी मोटर चोरी हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बुपनिया बिजली उपमंडल कार्यालय में किया पौधरोपण

# बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पेड़ लगाना जरूरीः एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा बिजली वितरण निगम के बुपनिया उपमंडल कार्यालय में शुक्रवार को एसडीओ मोनिका के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपमंडल परिसर में उपलब्ध खाली स्थान पर बिजली कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान एसडीओ मोनिका ने उपस्थित कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी से अपने घर, कार्यालय और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में जेई अमित, संजीव, नरेश देशवाल, राजेश, अंकुश, संजय, जगत, रामनिवास और सुमित के अलावा एचएसईबी यूनियन के प्रधान नरेश, अनिल, ललित आदि ने भाग लिया और पौधारोपण अभियान को सफल बनाया। उपभोक्ताओं को पौधों के महत्व की जानकारी देते हुए पौधे भी वितरित किए गए।



**बहादुरगढ़।** बुपनिया उपमंडल में पौधे लगाती एसडीओ मोनिका व अन्य। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** पौधरोपण करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### फल व छायादार पौधे रोपित किए

*झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण और हरित क्रांति के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान में एचडी प्रबंधन समिति, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में अनेक प्रकार के फलदार और छायादार पौधे रोपित किए। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा प्रकृति के संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनके संरक्षण का दायित्व निभाना चाहिए। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने भी अपने-अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को ही शुद्ध नहीं करते बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, छाया और प्राकृतिक संतुलन का भी आधार है।*

# आईटीआई में दाखिले के लिए 15 तक करें आवेदन

■ पहले से आवेदन कर चुके अभ्यर्थी भी 15 जुलाई तक बदल सकेंगे ट्रेड और संस्थान की पसंद

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की है। इसके अलावा अभ्यर्थियों के पास अपने ट्रेड एवं संस्थान के चयन में बदलाव करने का विकल्प भी उपलब्ध है।

### आवश्यक दस्तावेज समय पर अपलोड करें

आईटीआई बहादुरगढ़ की नोडल अधिकारी उमा शर्मा ने बताया कि



जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, वे भी निर्धारित अवधि के दौरान अपने पसंदीदा ट्रेड और संस्थान का चयन या संशोधन कर सकते हैं। विद्यार्थी अंतिम समय तक इंतजार न करें और समय रहते अपनी पसंद का ट्रेड चुनकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई से पहले ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें और आवश्यक दस्तावेज समय पर अपलोड करें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

### तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध

पंडित जागेराम आईटीआई जहांगीरपुर के नोडल अधिकारी



रवींद्र मल्हान ने बताया कि आईटीआई में विभिन्न रोजगारपरक एवं तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इसलिए सभी अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने के साथ-साथ अपनी ट्रेड व संस्थान की प्राथमिकताओं का चयन भी अवश्य कर लें। विद्यार्थियों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान दिया जाएगा। जिससे प्रशिक्षण पूरा होने के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं।

# थाईलैंड से पदक जीतकर लौटे विजेता पहलवानों का किया अभिनंदन



**बहादुरगढ़।** कोचों और साथी पहलवानों के साथ विजेता नितेश व रोहित। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

थाईलैंड में हुई एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहलवानों का मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में जोरदार अभिनंदन किया गया। कोच, कुश्ती प्रेमियों ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जूनियर अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप में रोहित दलाल ने फ्री स्टाइल 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, अंडर-15 वर्ग के 57 किलोग्राम भार वर्ग में नितेश ने रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इसी अखाड़े के अर्जुन अवार्डी धर्मेंद्र दलाल ग्रीकोरोमन टीम के चीफ कोच की भूमिका में थाईलैंड गए थे। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने 4 मेडल जीते। कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि दोनों पहलवान होनहार हैं। आने वाले समय में इनके प्रदर्शन में और निखार आएगा। अखाड़े के सुमित दलाल, रजत रुहल और दीपक हंगरी रैंकिंग सीरीज में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, दीक्षा दलाल इसी महीने होने वाली वर्ल्ड कैडेट चैंपियनशिप में खेलेगी। हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवार्डी कोच ओमवीर सिंह, रिंकू, सुधीर, अनुराग, मुकेश, सेठी, संजय रोहद आदि इस अवर पर मौजूद रहे।

# डीसी ने खाद्य सुरक्षा मानकों को लागू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में आम नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाया जाए और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियामानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने जिला स्तरीय फूड सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिला में खाद्य सुरक्षा के मानकों को सख्ती से लागू किया जाए ताकि लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर राजेश वर्मा ने जिला में खाद्य सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर बाजारों, होटल-ढाबों, मिठाई की दुकानों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उनकी जांच करवाई जाती है ताकि लोगों को मिलावटी या असुरक्षित खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके।



**झज्जर।** बैठक में फूड सेफ्टी से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा जिला इकाई की बैठक में पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों की चर्चा

***17 को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भी मंथन हुआ***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** बैठक के दौरान अपनी बात रखते हुए जिला प्रभारी हरविंद कोहली।

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय कमलम में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, कार्य योजना तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर चर्चा की गई। प्रत्येक बूथ पर संगठन की मजबूती, सक्रिय कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने, मंडल एवं शक्ति केंद्रों की नियमित बैठकों, नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के सफल आयोजन, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा संगठन की गतिविधियों को प्रत्येक गांव और वार्ड तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की रणनीति भी तैयार की गई।

इस दौरान 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर भी चर्चा हुई। जनसभा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, व्यापक जनसंपर्क अभियान, प्रत्येक मंडल एवं बूथ से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने तथा संगठनात्मक समन्वय को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला प्रभारी हरविंद कोहली, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष जय किशन छिल्लर, नरेश भारद्वाज, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोमवती जाखड़, जिला महामंत्री दया किशन, मन की बात संयोजक संजीव कादियान, रवि बराही तथा जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला उपस्थित रहे।

### डॉ. पंकज जैन ने किया चेयरमैन वेदपाल का सम्मान



**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल से मिलकर उनका सम्मान किया। इस दौरान प्रदेश में कृषि विकास, किसानों के हितों तथा संगठन को अधिक सशक्त बनाने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। डॉ पंकज जैन ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि चेयरमैन वेदपाल एसएचएएमबी के माध्यम से किसानों की सुविधाओं और कृषि मंडियों के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# सराय में 31 को होगी रन अगेंस्ट डोप प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए 31 जुलाई को सराय औरंगाबाद स्थित ललित भनोट एकेडमी में रन अगेंस्ट डोप दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस बार डॉ. ललित भनोट के 70वें जन्मदिन पर होनी वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 8 बजे होगा।

भीम अवॉर्डी चरण सिंह राठी ने बताया कि प्रतियोगिता को विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित किया जाएगा। इसमें 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के प्रतिभागियों के लिए एक किलोमीटर, 14 से 18 वर्ष आयुवर्ग के लिए 2 किलोमीटर तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के लड़के एवं लड़कियों के लिए 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। भाजपा पंचायती प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप राठी ने बच्चों, युवाओं और खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उनके अनुसार सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। पूर्व ओलंपियन कर्नल संत कुमार तथा अर्जुन अवॉर्डी ओमबीर पहलवान ने भी युवाओं और खिलाड़ियों से इस दौड़ प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।



**बहादुरगढ़।** दौड़ प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** छात्राओं को प्रशिक्षण देतीं टीना।

# छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**बहादुरगढ़।** महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण अभियान के तहत नयागांव के राजकीय विद्यालय में सेल्फ डिफेंस जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य सिपाही टीना ने छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए और विपरीत परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के उपाय समझाए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक तकनीकों तक सीमित नहीं, बल्कि सतर्कता, आत्मविश्वास और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को हाथ पकड़ने, पीछे से पकड़ने और अन्य सामान्य हमलों से बचाव की आसान एवं प्रभावी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। छात्राओं को घर, स्कूल, सार्वजनिक स्थानों और यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों की जानकारी भी दी गई। आपात स्थिति में तुरंत डायल-112 पर संपर्क करने के लिए कहा।

# स्थापना दिवस पर भारत विकास परिषद ने की सेवा

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दोनों शाखाओं द्वारा सेवा कार्य आयोजित किए गए। परिषद की बहादुरगढ़ शाखा ने एमआईई स्थित अमर ज्योति कुष्ठ आश्रम में खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं विवेकानंद शाखा ने बादली रोड स्थित जन सेवा संस्थान में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की। भाविप के प्रांतीय संरक्षक पवन जैन ने कहा कि परिषद की स्थापना स्वामी विवेकानंद की जन्म शताब्दी दिवस 12 जनवरी 1963 को हुई थी। परंतु इसे 10 जुलाई 1963 को इसका पंजीयन हुआ था। प्रांतीय संगठन सचिव मूलचंद जोशी ने कहा कि स्थापना दिवस पर आयोजित सेवा कार्य परिषद की विचारधारा को साकार करते हैं। शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता, मुरारी गोयल, जिला समन्वयक सतीश शर्मा, सह समन्वयक मुकेश बंसल, महेंद्र भाटी, संजय गर्ग, विनोद गर्ग, प्रवीण सिंघल, आनंद पंवार, डॉ. जसवंत आर्य आदि बताया कि सेवा प्रकल्प के दौरान कुष्ठ आश्रम में रह रहे लोगों को आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी तथा अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री भेंट की गई। इसके अलावा जन सेवा संस्थान में दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को स्वयं भोजन परोसा।



**बहादुरगढ़।** दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को स्वयं भोजन परोसते भाविप सदस्य।

### 114 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच, 35 युवाओं ने बढ़ाए रक्तदान के लिए हाथ

# रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा : गीतांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कारगिल शहीद धर्मबीर सिंह के शहीद दिवस के उपलक्ष्य में शहीद कारगिल हीरो ट्रस्ट, शहीद भगत सिंह ब्लड सेंटर, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा शहर के कोसली रोड स्थित गैस एजेंसी पर रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद वीरांगना विद्या देवी ने की। शिविर के दौरान कुल 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे कैंसर रोगियों के उपचार के लिए समर्पित किया जाएगा। जबकि जांच शिविर में 114 लोगों के स्वास्थ्य जांच की। कार्यक्रम में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है।

उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान कर समाज में जीवन बचाने के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान मनोनीत पार्षद कमल गिरोत्रा ने भी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। पूनम देशवाल ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया।



**झज्जर।** मुख्यातिथि को पौधा भेंट कर सम्मानित करती हुई शहीद वीरांगना विद्या देवी। फोटो : हरिभूमि

# संस्कारम स्कूल की छात्रा अनिषा देशवाल बनी सीए



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास की पूर्व छात्रा अनिषा ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) बनकर अपने विद्यालय, अभिभावकों व अध्यापकों का नाम रोशन किया है। संस्थान चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि अनिषा शुरू से ही अध्ययनशील, अनुशासित, मेहनती व प्रतिभाशाली रही। अनिषा ने अथक प्रयास करते हुए यह दिखा दिया कि कठिन परिश्रम व सच्ची लग्न से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने होनहार छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन द्वारा अनिषा का भव्य स्वागत किया गया। अनिषा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। अनिषा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि कॉमर्स में बहुत सारे जॉब विकल्प हैं। बस जरूरत है सच्ची लग्न व मेहनत की। उसने विद्यार्थियों को विभिन्न विषय विकल्पों से अवगत कराया।